------------------------------------------------

# कौन बनेगा पास विद् ऑनर प्रश्नोत्तरी

## भाग - (25) खण्ड -{49}

------------------------------------------------

समग्र मुरलियों पर आधारित अधोलिखित प्रश्नों के सबसे उपयुक्त एक ही उत्तर का चयन करें..........

*प्रश्न सं 1*- ज्ञान सागर से पहले कौन निकला ?

A- ब्रह्मा

B- सरस्वती

C- कृष्ण

D- उपरोक्त सभी

*प्रश्न सं 2*- जब बाप आते है तो कौनसी नॉलेज देते हैं ?

A- मनमनाभाव

B- मध्याजीभव

C- म्‌मेकम याद करो

D- ततत्वम

*प्रश्न सं 3*- मनुष्यों का सारा अटेन्शन किसमें जाता है ?

A- आत्मा में

B- बाबा में

C- ड्रामा में

D- नाम रूप में

*प्रश्न सं 4*- यह सूर्य चांद आदि तो बेहद मांडवे की रोशनी देने वाले क्या हैं ?

A- सितारे

B- प्रकाश के पुंज

C- बत्तियां

D- लाइट हाउस

*प्रश्न सं 5*- मुरली अनुसार फैमली में सबसे जास्ती प्यार किससे होता है?

A- मां

B- बाप

C- दादा

D- भाई

*प्रश्न सं 6*- ऊँचे ते ऊँचा है भगवान फिर उनसे तैलुक रखने वाले कौन है ?

A- ब्रह्मा

B- विष्णु

C- शंकर

D- उपरोक्त सभी

*प्रश्न सं 7*-  पहले- पहले मुख्य गॉडेज ऑफ नॉलेज

कौन है?

A- प्रजापिता ब्रह्मा

B- जगत अम्बा सरस्वती

C- राधे- कृष्ण

D- ब्राह्मण

*प्रश्न सं 8*- सबसे श्रेष्ठ कौन है ?

A- ब्राह्मण ब्राह्मणियाँ

B- राधे-कृष्ण

C- लक्ष्मी- नारायण

D- ब्रह्मा- सरस्वती

*प्रश्न सं 9*- इनमें से कौनसा गलत है ?

A- माया की परछाई को रावण राज्य

B- बाप द्वारा सुनाई गई नॉलेज को गीता

C- आत्माओं के स्थान को ब्रह्माण्ड

D- जगत अम्बा को गाड ऑफ नॉलेज

*प्रश्न सं 10*- कितना भी बड़ा विघ्न हो सहज समाप्त हो जाता है, कैसे?

A- दुआओं से

B- शुभभावना से

C- शान्ति की शक्ति से

D- पवित्रता के बल से

*प्रश्न सं 11*- .............. वह है जो किसी भी बात को एक काल की दृष्टि से नहीं देखते, हर बात में कल्याण समझते हैं ?

A- त्रिनेत्री

B- त्रिमूर्ति

C- त्रिलोकीनाथ

D- त्रिकालदर्शी

*प्रश्न सं 12*- इस ज्ञान को धारण करने के लिए कौन सी विशेषतायें अति आवश्यक है ?

A- परखना

B- निर्णय करना

C- ग्रहण करना

D- उपरोक्त सभी

*प्रश्न सं 13*-  बाप मुरली भी किसके आगे चलाते हैं?

A- ब्राह्मणों के

B- बच्चों के

C- ब्रह्माकुमारियों के

D- मधुबन निवासियों के

*प्रश्न सं 14*- कम से कम कितने घण्टा इस याद की सर्विस में रहना है ?

A- 2 घण्टा

B- 4 घण्टा

C- 8 घण्टा

D- 24 घण्टे

*प्रश्न सं 15*- मीठे बच्चे -आत्मा रूपी दीपक में ..डालो तो आत्मा शक्तिशाली हो जायेगी ?

A- ज्ञान रूपी घृत

B- योग रूपी घृत

C- योग रूपी अग्नि

D- ज्ञान की ज्योति

*प्रश्न सं 16*- आत्मा रूपी बैटरी में पावर भरने का आधार क्या है ?

A- बुद्धि का बल

B- मन का बल

C- योग का बल

D- बुद्धियोग का बल

-----------------------------------------------------

भाग (25) खण्ड {49} के उत्तर स्पष्टीकरण सहित

-----------------------------------------------------

*उत्तर सं 1- A. ब्रह्मा*

*ज्ञान सागर एक शिवबाबा है। यह ब्रह्मा भी ज्ञान नदी ठहरी। इनका और ज्ञान सागर का मेला है,* वास्तव में इनको ही सच्चा कुम्भ कहा जाता है। *सबसे बड़ा मेला है यहाँ ज्ञान सागर के पास आना।* यह ब्रह्मपुत्रा बड़े ते बड़ी नदी है।

पहले-पहले यह निकली है। इनका है संगम। पिछाड़ी में जाकर मिले हैं तो जरूर पहले उनसे निकले हैं। *तो ज्ञान सागर से पहले निकला यह ब्रह्मा।*

*उत्तर सं 2- A. मनमनाभव*

बाप समझाते है कि बच्चे *जब मै आता हूँ तो आकर सबकी सद्गति करता हूँ। नॉलेज देता हूँ। कौन सी नॉलेज? मनमनाभव।* मुझे याद करो तो इस याद की योग अग्नि से तुम्हारे विकर्म विनाश होंगे। तुम पावन बनेंगे।

*उत्तर सं 3- D. नाम रूप में*

*तुम जानते हो बेहद का बाप है शिवबाबा, जो इनके द्वारा समझाते हैं।* ऐसे नहीं फलाना संन्यासी है, उनकी आत्मा बोलती है। *नहीं, मनुष्यों का सारा नाम रूप में अटेन्शन जाता है।* तुम्हारी बुद्धि समझती है - यह हमारा बेहद का बाप है।

*उत्तर सं 4- C. बत्तियां*

बाप समझाते है कि उनको ज्ञान का सागर कहा जाता है। *बाकी यह सूर्य चांद आदि तो बेहद मांडवे की रोशनी देने वाली बत्तियां हैं।* वह रात, वह दिन, यह माण्डवे की बत्तियां हैं। ऐसे नहीं कि सूर्य देवता नम: कहेंगे। नहीं, *देवतायें तो ब्रह्मा विष्णु शंकर हैं।*

*उत्तर सं 5- B. बाप*

बच्चे जानते हैं कि यह जो भी मनुष्य मात्र हैं वह परमपिता परमात्मा की सन्तान हैं। ईश्वरीय फैमली हैं। *फैमली में सबसे जास्ती प्यार बाप से होता है*, जिसने बच्चों को रचा है।

*उत्तर सं 6- D. उपरोक्त सभी*

*बाप ही आकर कल्प-कल्प भारत को हेवन बनाते हैं।* भारतवासी बाप को गाली देने लग पड़ते हैं। सतोप्रधान से सतो रजो तमो में गिरना ही है जरूर। तो *ऊंचे ते ऊंचा है

भगवान फिर उनसे तैलुक रखने वाले हैं ब्रह्मा, विष्णु, शंकर सूक्ष्मवतन वासी।*

*उत्तर सं 7- B. जगत अम्बा सरस्वती*

*जगत अम्बा सरस्वती है ब्रह्मा की बेटी। उनका भी एक नाम होना चाहिए।* कोई अम्बा कहते, कोई काली कहते, कोई सरस्वती कहते। बहुत नाम रखे हुए हैं। यह है प्रजापिता ब्रह्मा और फिर बी.के. सरस्वती। दिखाते भी हैं सरस्वती के पास सितार है। *पहले-पहले मुख्य गॉडेज ऑफ नॉलेज।* जैसे इनको ज्ञान की मुरली दी है, उनको फिर सितार दी है।

*उत्तर सं 8- C. लक्ष्मी - नारायण*

*अब पतित दुनिया है, इसमें श्रेष्ठाचारी कोई हो न सके। सबसे श्रेष्ठ हैं लक्ष्मी-नारायण,* यही सतयुग में राज्य करते थे। अब तो भ्रष्टाचार की वृद्धि होती गई है, तो जरूर विनाश होना ही है। *विनाश के बाद ही सब सुख शान्ति को पा सकेंगे।*

*उत्तर सं 9- D. जगत अम्बा को गॉड ऑफ नॉलेज*

पुरूषार्थ करना है प्रालब्ध के लिए। बेहद के बाप द्वारा बेहद का सुख लेने के लिए। *जगत अम्बा को कहा जाता है गॉडेज ऑफ नॉलेज।* कहाँ से नॉलेज मिली? ब्रह्मा से। ब्रह्मा को किसने दिया? शिव परमात्मा ने।

*उत्तर सं 10- C. शान्ति की शक्ति से*

*सदा निर्विघ्न वही रह सकता है जो सी फादर, फालो फादर करता है।* सी सिस्टर, सी ब्रदर करने से ही हलचल होती है इसलिए अब बाप को फालो करते हुए बाप समान संस्कार बनाओ तो संस्कार मिलन की रास करते हुए सदा निर्विघ्न रहेंगे। *शान्ति की शक्ति से अथवा शान्त रहने से कितना भी बड़ा विघ्न सहज समाप्त हो जाता है* और सर्व कार्य स्वत: सम्पन्न हो जाते हैं।

*उत्तर सं 11- D. त्रिकालदर्शी*

*त्रिकालदर्शी* वह है जो किसी भी बात को एक काल की दृष्टि से नहीं देखते, हर बात में कल्याण समझते हैं।

*उत्तर सं 12- D. उपरोक्त सभी*

*परखना, निर्णय करना और ग्रहण करना अर्थात् धारण करना* - तीनों शक्तियों की विशेषता के कारण संगमयुगी सरस्वती माँ की सवारी हंस दिखाया है। तो एक सरस्वती माँ का यादगार नहीं लेकिन माँ समान बनने वाली ज्ञान-वीणा वादिनी आप सभी हो। *इस ज्ञान को धारण करने के लिए भी यह तीनों विशेषतायें अति आवश्यक हैं।*

*उत्तर सं- 13 - B. बच्चों के आगे*

यहाँ बाप और बच्चों का तैलुक है। बाकी कोई का कुछ काम है तो और बात है। *बाप मुरली भी बच्चों के आगे ही चलाते हैं।* प्रदर्शनी में भी तुम सिद्ध कर बतलाते हो कि सबका वह फादर है।

*उत्तर सं- 14 - C. 8 घण्टा*

अब पुरानी दुनिया का विनाश तो होना ही है। यह बुद्धि में रख पुरुषार्थ करना है। *8 घण्टा इस याद की सर्विस में रहो। * कोई कहते हैं यह कैसे हो सकेगा। भक्ति मार्ग में जो कृष्ण के भगत हैं वह भी सब तरफ से बुद्धि को हटाए एक कृष्ण को ही याद करते होंगे।

*उत्तर सं- 15 - B. योग रूपी घृत*

"मीठे बच्चे - *आत्मा रूपी दीपक में योग रूपी घृत डालो तो आत्मा शक्तिशाली हो जायेगी।"*

*उत्तर सं- 16 - D. बुद्धियोग का बल*

*आत्मा रूपी बैटरी में पावर भरने के लिए बुद्धियोग का बल चाहिए। जब बुद्धियोग बल से सर्वशक्तिमान् बाप को याद करेंगे तब बैटरी भरेगी।* जब तक बैटरी में पावर नहीं तब तक ज्ञान की धारणा भी नहीं हो सकती है।

---------------------------------------------------------

कौन बनेगा पास विद् ऑनर प्रश्नोत्तरी

भाग - (25) खण्ड -{50}

---------------------------------------------------------

*प्रश्न सं 1*-  संगमयुग पर बाप आये हैं तुम बच्चों की ........... अभी यह ड्रामा पूरा होता है, तुम सबको वापिस घर चलना है ?

A- महिमा करने

B- दिल से सेवा करने

C- जान से सेवा करने

D- दिल व जान से सेवा करने

*प्रश्न सं 2*- इनमें से कौन सा सही  है ?

A- त्रिलोकीनाथ, त्रिकालदर्शी सिवाए परमपिता परमात्मा के दूसरा कोई होता नहीं

B- लक्ष्मी-नारायण को तो तीनों लोकों अथवा तीनों कालों का ज्ञान ही नहीं है।

C- जो बाबा का टाइटल है वह ब्राह्मणों को भी मिल सकता है।

D- उपरोक्त सभी

*प्रश्न सं 3*- इस समय सर्वव्यापी कौन है ?

A- बाबा

B- बच्चे

C- कुमारियाँ

D- विकार

*प्रश्न सं 4*- बाप को कैसे बच्चे चाहिए ?

A- साधारण

B- देही अभिमान

C- भावना वाले

D- तीव्र पुरुषार्थी

*प्रश्न सं 5*- अगर कोई परमात्मा की गोद लेकर, दांव लगावे कि हम उनके बच्चे वारिस हैं, फिर फारकती दे देवे तो ऐसे बच्चे को क्या कहेंगे ?

A- नाफरमानबरदार

B- असुर

C- बख्तावर

D- भस्मासुर

*प्रश्न सं 6*- हम बच्चों को एक बाफ द्वारा एक जैसा क्या मिल रहा है?

A- पढ़ाई

B- पालना

C- प्राप्ति

D- उपरोक्त सभी

*प्रश्न सं 7*- बाप कहते हैं मैं सदैव विचित्र हूँ, ब्रह्मा विष्णु शंकर .....हैं ?

A- विचित्र

B- चित्रवान

C- सूक्ष्म चित्रवान

D- B और C

*प्रश्न सं 8*- सबसे बड़ी अथॉरिटी कौन सी है ?

A- संकल्पों की

B- अनुभवों की

C- वाणी की

D- दृष्टि की

*प्रश्न सं 9*- बाबा कहने से किसकी खुशबू आती है ?

A- परमधाम की

B- बाबा की

C- सूक्ष्म वतन की

D- वर्से की

*प्रश्न सं 10*- बच्चू बादशाह है....... और पीरू वजीर है .........?

A- काम विकार, क्रोध

B- क्रोध, काम विकार

C- काम विकार, मोह

D- लोभ, मोह

*प्रश्न सं 11*- जहाँ..... है वहाँ पानी के मटके भी सूख जाते हैं ?

A-काम

B- क्रोध

C- लोभ

D- मोह

*प्रश्न सं 12*- बाबा को इनमें से क्या नहीं कहा जाता है ?

A- सुप्रीम जस्टिस

B- सुप्रीम बाप

C- सुप्रीम टीचर

D- सुप्रीम धर्मराज

*प्रश्न सं 13*- क्राइस्ट से ........ वर्ष पहले भारत पैराडाइज (स्वर्ग ) था ?

A- 3100

B- 2000

C- 2500

D- 3000

*प्रश्न सं 14*- मुत्ति-जीवनमुक्ति को पाने के लिए क्या जरूरी है ?

A- सम्पूर्ण समर्पण

B- 21 दिन भट्टी

C- 7 रोज भट्टी

D- अमृतवेले विशेष याद

*प्रश्न सं 15*- तुम्हारी बुद्धि में सारा दिन क्या फिरना चाहिए ?

A- आदि मध्य अन्त का ज्ञान

B- स्वदर्शन चक्र

C- झाड़ और गोले का चित्र

D- एम ऑब्जेक्ट

*प्रश्न सं 16*- सर्व की कामनायें पूर्ण करने वाले आप बच्चों का टाइटल क्या हैं ?

A- मास्टर दाता

B- देवी देवता

C- मास्टर रचयिता

D- कामधेनु

------------------------------------------------

भाग (25) खण्ड {50} के उत्तर स्पष्टीकरण सहित

------------------------------------------------

*उत्तर सं. 1. D. दिल व जान से सेवा करने।*

"मीठे बच्चे - *संगमयुग पर बाप आये हैं तुम बच्चों की दिल व जान से सेवा करने,* अभी यह ड्रामा पूरा होता है - तुम सबको वापिस घर चलना है"

*उत्तर सं. 2. D. उपरोक्त सभी*

त्रिलोकीनाथ, तीनों कालों को जानने वाला एक ही है। *त्रिलोकीनाथ, त्रिकालदर्शी सिवाए परमपिता परमात्मा के दूसरा कोई होता नहीं। लक्ष्मी-नारायण को तो तीनों लोकों अथवा तीनों कालों का ज्ञान ही नहीं है। आदि मध्य अन्त का भी ज्ञान नहीं है। अभी तो हमारे पास सारा ज्ञान है। त्रिलोकी का भी ज्ञान है, जो बाबा का टाइटल है वह ब्राह्मणों को भी मिल सकता है।*

*उत्तर सं. 3. D. विकार*

शिव ही पतित-पावन है, जिसका ही आह्वान करते हैं कि आकर इस रावण के दु:खों से लिबरेट करो। *इस समय 5 विकार सर्वव्यापी हैं।* आधा-आधा हैं ना ।

*उत्तर सं. 4. C.भावना वाले*

बापदादा को साधारण आत्मायें ही पसन्द हैं। बाप स्वयं भी साधारण तन में आते हैं। आज का करोड़पति भी साधारण है। *साधारण बच्चों में भावना होती है और बाप को भावना वाले बच्चे चाहिए, देह-भान वाले नहीं।*

*उत्तर सं 5- D. भस्मासुर*

*अगर कोई परमात्मा की गोद लेकर, दांव लगावे कि हम उनके बच्चे वारिस हैं, फिर जाए फारकती दे देवे तो ऐसे बच्चे को भस्मासुर कहेंगे ना!* चढ़े तो ऊंच पद, गिरे तो भस्मासुर हो पड़ते हैं।

*उत्तर सं 6- D. उपरोक्त सभी*

बापदादा द्वारा मिली हुई श्रेष्ठ सहज विधि द्वारा कब तीव्र गति व कब तीव्र, कभी कम गति - दोनों ही प्रकार के ब्राह्मण बच्चों को देखा। *पढ़ाई, पालना और प्राप्ति - सबको एक जैसी एक द्वारा मिल रही है,* फिर गति में अन्तर क्यों?

*उत्तर सं 7- C. सूक्ष्म चित्रवान*

बाप कहते हैं मैं सदैव विचित्र हूँ *ब्रह्मा विष्णु शंकर सूक्ष्म चित्रवान हैं।* मैं विचित्र हूँ। तुम आत्मायें भी मेरे साथ निर्वाणधाम में रहने वाली हो। बाबा जो विचित्र है वह बैठ सुनाते हैं।

*उत्तर सं 8- B. अनुभवों की*

*सबसे बड़ी अथॉरिटी अनुभव की है।* जैसे सोचते और कहते हो कि आत्मा शान्त स्वरूप, सुख स्वरूप है - ऐसे एक-एक गुण वा शक्ति की अनुभूति करो और उन अनुभवों में खो जाओ।

*उत्तर सं 9- D. वर्से की*

परमपिता परमात्मा वा सिर्फ ईश्वर कहने से बाबा का रस नहीं मिलता, *बाबा कहने से वर्से की खुशबू तब आती जब अपने को बच्चा समझते। हम बाबा के बच्चे हैं,* यूँ तो सभी आत्मायें बच्चे हैं परन्तु अभी बाप ने यह रचना रची है।

*उत्तर सं 10- A. काम विकार, क्रोध*

*बच्चू बादशाह है काम विकार और पीरू वजीर है क्रोध। दोनों का आपस में बहुत गहरा सम्बन्ध है।* सभी मनुष्य इस समय इन दो के वशीभूत हैं। अगर कोई बाप का बच्चा कहलाकर फिर काम या क्रोध के वशीभूत होता है तो बाप का निंदक बन जाता है।

*उत्तर सं 11- B. क्रोध*

बाबा कहते मीठे बच्चे, इन दुश्मनों को जीतो। क्रोध के लिए तो कहा जाता - *जहाँ क्रोध है वहाँ पानी के मटके भी सूख जाते हैं।*

*उत्तर सं 12- B. सुप्रीम बाप*

*बाबा को तो कहा जाता है सुप्रीम जस्टिस, सुप्रीम टीचर,* सुप्रीम सतगुरू। *फिर सुप्रीम धर्मराज भी कहा जाता

है।* उनकी जजमेंट में नीचे ऊपर कुछ नहीं हो सकता। ड्रामा में ऐसी नूँध ही नहीं।

*उत्तर सं 13- D. 3000*

नाम ही कितना फर्स्टक्लास है हेविन, वैकुण्ठ, पैराडाइज, कहते हैं - *क्राइस्ट से 3 हजार वर्ष पहले भारत पैराडाइज था।* इस हिसाब से बरोबर 5 हजार वर्ष ही हुआ।

*उत्तर सं 14- C. 7 रोज भट्टी*

इस समय बाबा मीठे झाड़ का सैपलिंग लगा रहे हैं, जो और धर्मों में कनवर्ट हो गये होंगे वह सब निकल आयेंगे। तो यह इतनी समझानी नया कोई समझ न सके *। 7 रोज़ भट्ठी में पड़ने के सिवाए मुक्ति-जीवनमुक्ति कोई पा नहीं सकते।*

*उत्तर सं 15- B. स्वदर्शन चक्र*

*तुम्हारी बुद्धि में सारा दिन स्वदर्शन चक्र फिरना चाहिए। बुद्धि में होगा तब तो किसको समझायेंगे।* नहीं तो

टीचर समझ जाते हैं कि इसका पढ़ाई में ध्यान नहीं है

*उत्तर सं 16- D. कामधेनु*

*तुम सर्व की मनोकामनायें पूर्ण करने वाले जगत अम्बा के बच्चे कामधेनु हो।* सभी की कामना है - हमें मुक्ति जीवनमुक्ति मिले। तो तुम जगत अम्बा, जगत पिता के बच्चे सबको मुक्ति-जीवनमुक्ति का रास्ता बताते रहो, यही तुम्हारा धन्धा है।